


**राहुल के साथ साझेदारी**

रोहित और राहुल के बीच पहले विकेट के लिए 227 रनों की साझेदारी हुई। दोनों ने पिछले मैच की असफलता से सीखते हुए दमदार बल्लेबाजी की। लोकेश राहुल ने भी दम दिखाया और अपने वनडे करियर की तीसरी सेंचुरी लगाई। राहुल 102 रन बनाकर अलजारी जोसफ की गेंद पर रोस्टन चेस के हाथों कैच आउट हुए।

## रोहित की दमदार पारी, लगाया 28वां वनडे शतक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** विशाखापत्तनम। भारतीय क्रिकेट टीम के उपकप्तान रोहित शर्मा ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज के दूसरे मैच में शानदार शतक लगाया। रोहित ने 107 गेंदों पर अपने वनडे करियर की 28वीं सेंचुरी लगाई। बुधवार को विशाखापत्तनम में खेले जा रहे सीरीज के दूसरे मैच में उन्होंने शानदार खेल दिखाया। वह एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा सेंचुरी लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं। रोहित ने 138 गेंदों पर 17 चौकों और पांच छक्कों की मदद से 159 रन बनाए। भारत की ओर से एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा सेंचुरी लगाने का रेकॉर्ड सचिन तेंडुलकर के नाम है। तेंडुलकर ने 1998 में एक कैलेंडर ईयर में 9 शतक लगाए थे। वहीं सौरभ गांगुली ने वर्ष 2000 में सात वनडे सेंचुरी लगाई थीं। रोहित शर्मा ने वर्ल्ड कप में शानदार खेल दिखाया था। रोहित ने इंग्लैंड में खेले गए 50 ओवर क्रिकेट वर्ल्ड कप 2019 में 5 सेंचुरी लगाई थीं। इससे पहले उन्होंने 12 जनवरी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में 133 रनों की पारी खेली थी।

# टीम इंडिया ने खड़ा किया 388 रन का विशाल लक्ष्य

## कप्तान पोलार्ड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया

**क्रिकेट**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

विशाखापत्तनम। वेस्ट इंडीज की टीम दूसरे वनडे में 388 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी है। इविन लुईस और शे होप की जोड़ी उनकी पारी की शुरुआत करने उतरी है। इससे पहले टीम इंडिया ने रोहित शर्मा (159) और केएल राहुल (102) की शतकीय पारियों के दम पर स्कोरबोर्ड पर 387 रन का स्कोर खड़ा किया। सलामी बल्लेबाजों रोहित शर्मा (159) और लोकेश राहुल (102) की शतकीय पारियों के दम पर भारत ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बुधवार को यहां पांच विकेट पर 387 रन बनाए। वेस्ट इंडीज के खिलाफ टीम इंडिया का दूसरा, जबकि कुल 8वां सर्वोच्च स्कोर है। इससे पहले भारत ने वेस्ट इंडीज के ही खिलाफ इंदौर में दिसंबर 2011 में 5 विकेट पर 418 रन का अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया था। रोहित ने 138 गेंद में 17 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 159 रन की पारी खेलने के अलावा राहुल (102) के साथ पहले विकेट के लिए 227 रन की साझेदारी की। भारतीय टीम अंतिम 7 ओवर में 100 रन जोड़ने में सफल रही। श्रेयस अय्यर (32 गेंद में 53 रन, 3 चौके, 4 छक्के) और ऋषभ पंत (16 गेंद में 39 रन, 3 चौके, 4 छक्के) ने चौथे विकेट के लिए सिर्फ 4 ओवर में 73 रन की साझेदारी करके भारत का स्कोर 350 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। वेस्ट इंडीज के खिलाफ भारत की ओर से पहले विकेट की यह सर्वोच्च साझेदारी है। रोहित और राहुल ने सौरभ गांगुली और वीरेंदर सहवाग को पीछे छोड़ा, जिन्होंने नवंबर 2002 में राजकोट में 196 रन की साझेदारी की थी। भारत की सलामी जोड़ी ने छठी बार 200 या इससे अधिक रन की साझेदारी करते हुए दूसरे स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया की बराबरी की। पहले विकेट के लिए सर्वाधिक बार 200 या इससे अधिक रन की साझेदारी का रेकॉर्ड श्रीलंका के नाम है, जिसके बल्लेबाजों ने 11 बार यह उपलब्धि हासिल की है।

वेस्ट इंडीज के कप्तान कायरन पोलार्ड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, जिसे राहुल और रोहित ने गलत साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। दोनों ने सतर्क शुरुआत के बाद खुलकर शॉट खेले। रोहित ने शुरुआत में धीमी बल्लेबाजी की लेकिन लय में आने के बाद गेंदबाजों की अच्छी खबर ली। रोहित ने होल्डर पर छक्के के साथ 150 रन के स्कोर को पार किया।



# 'थ्री डी' खिलाड़ी हैं मैक्सवेल, जल्दी ही टीम में वापसी करेंगे: आरोन फिंच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के कप्तान आरोन फिंच ने हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल की राष्ट्रीय टीम में जल्दी वापसी का समर्थन करते हुए कहा है कि उनके जैसे 'त्रिआयामी क्रिकेटर' को लंबे समय तक बाहर नहीं रखा जा सकता। मानसिक स्वास्थ्य कारणों से मैक्सवेल ने अक्तूबर में खेल से ब्रेक लिया था लेकिन हाल ही में भारत दौरे के लिए खुद को उपलब्ध बताया है। उन्हें हालांकि टीम में नहीं चुना गया और उनकी जगह मार्नस लाबुशाने को मौका दिया गया है।

फिंच ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से कहा, 'निश्चित तौर पर वह दुखी होगा और टीम से बाहर रहने वाले हर खिलाड़ी का निराश होना लाजमी है।उसने हालांकि पिछले कुछ अर्से में वनडे क्रिकेट में रन नहीं बनाये हैं।'

उन्होंने कहा, 'वह वापसी करेगा, इसमें कोई शक नहीं है। वह त्रिआयामी खिलाड़ी है जिसका काफी असर पड़ता है। वह जल्दी ही रन बनाकर वापसी करेगा।' मैक्सवेल पिछली 10 वनडे पारियों में अर्धशतक नहीं बना सके हैं। उन्होंने बिग बैश लीग में मेलबर्न स्टार्स के लिए ब्रिस्बेन हीट्स के खिलाफ मैच खेला।

उस्मान ख्वाजा, शॉन मार्श और नाथन लियोन को भी ऑस्ट्रेलियाई टीम में जगह नहीं मिली है, जबकि जैसन बेहरेनडोर्फ चोटिल हैं।

## एशियाई टीम स्क्वाश चौम्पियनशिप के लिये भारतीय टीम को कोचिंग देंगे डेविड पामर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी डेविड पामर को कुआलालम्पुर में होने वाली एशियाई टीम चौम्पियनशिप के लिये भारतीय टीम का कोच नियुक्त किया जायेगा। भारतीय स्क्वाश रैकेट्स महासंघ (एसआरएफआई) ने पूर्णकालिक कोच नियुक्त करने के बजाय टूर्नामेंट आधारित कोच रखने के तहत आस्ट्रेलिया के पामर से संपर्क किया कि वह 25 से 29 मार्च तक चलने वाली एशियाई टीम चौम्पियनशिप में राष्ट्रीय टीम को कोचिंग दें जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। एसआरएफआई के सचिव साइरस पोंचा ने पीटीआई से कहा, ''हां, वह हमारी पेशकश पर सहमत हो गये हैं। वह एशियाई टीम चौम्पियनशिप से पहले मार्च में हमसे जुड़ जायेंगे। हम सिर्फ मंत्रालय से मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं, जिसमें समस्या नहीं होनी चाहिए। '' साल के शुरू में एसआरएफआई ने पूर्णकालिक कोच नियुक्त करने के बजाय टूर्नामेंट के आधार पर कोच रखने का फैसला किया था। भारतीय खिलाड़ी 2018 राष्ट्रमंडल खेलों से पहले मिस्र के अचरफ कारारगुई के जाने के बाद से बिना पूर्णकालिक विदेशी कोच के ट्रेनिंग कर रही है।

## न्यूज डायरी



### आईसीसी ने कतर टी10 लीग में भ्रष्टाचार निरोधक जांच शुरू की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद कतर टी10 लीग की भ्रष्टाचार निरोधक जांच शुरू करेगी, क्योंकि इसमें कई जाने पहचाने सटोरियो की मौजूदगी का पता चला है। एक साल पहले आईसीसी से मंजूरी पाने वाली इस लीग में दक्षिण अफ्रीका के हाशिम अमा समेत कई रिटायर्ड खिलाड़ियों ने भाग लिया। आईसीसी की भ्रष्टाचार निरोधक ईकाई आयोजकों के साथ मिलकर लीग पर नजर रखे हुए थी। आईसीसी इंटीग्रिटी जीएम एलेक्स मार्शल ने एक बयान में कहा, 'आयोजकों द्वारा दी गई सूचना के आधार पर आईसीसी ने इस लीग को एक साल पहले मंजूरी दी थी।' उन्होंने कहा, 'टूर्नामेंट से ठीक पहले टीम के मालिकों और आयोजकों में बदलाव ने खतरे की घंटी बजा दी। हमने इसके लिए अतिरिक्त जांच का इंतजाम किया।'

### कोलंबिया में प्रदर्शनी मैच के रद्द होने से निराश था: फेडरर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बोगोटा। महान टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर ने कहा है कि वह पिछले महीने कोलंबिया में एलेक्जेंडर ज्वेरेव के साथ होने वाले प्रदर्शनी मैच के रद्द होने के बाद से मानसिक तौर परेशान थे। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, बोगोटा में प्रदर्शन के कारण मैच शुरू होने से कुछ देर पहले इस प्रदर्शनी मुकाबले को रद्द कर दिया गया था। फेडरर ने कहा, 'हम मैच से पहले वार्मअप कर रहे थे और कोर्ट पर मस्ती भी कर रहे थे, लेकिन अचानक से सब कुछ बदलने लगा। मैं सोच रहा था, क्या यह सबसे अच्छी स्थिति है? क्योंकि लोगों को घर जाना था और सुरक्षित जाना था। ईमानदारी से कहूं तो जब पता चला कि मैच नहीं होगा तो यह हर किसी के लिए स्ट्रेस और दबाव वाली स्थिति थी।' उन्होंने कहा, 'मुझे थोड़ी परेशानी हुई थी। जब मैं लॉकर रूम में वापस आया तब मैं भावनात्मक तौर पर परेशान था।' फेडरर अभी तक सिर्फ एक बार ही कोलंबिया में खेले हैं।

### 84 की उम्र में दौड़े मैराथन, बनाया कनाडा के ऐथलीट ने बनाया वर्ल्ड रेकॉर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ओटावा (कनाडा)। कनाडा के रॉय जोर्गेन स्वेनिंग्सेन अंटार्कटिक ओशन मैराथन में हिस्सा लेने वाले सबसे वयोवृद्ध धावक बन गए हैं। जोर्गेन ने 84 साल की उम्र में इस मैराथन में हिस्सा लिया। जोर्गेन ने 13 दिसंबर को मैराथन रेस शुरू की थी और उसे 11 घंटे 41 मिनट में पूरा किया। जोर्गेन एक रिटायर्ड ऑयल वर्कर हैं और 1964 से विभिन्न स्तर पर दौड़ रहे हैं। अंटार्कटिक मैराथन में दौड़ने के लिए जोर्गेन ने एक साल तक अभ्यास किया था। अंटार्कटिक मैराथन को दुनिया की सबसे मुश्किल मैराथन माना जाता है। इस मैराथन में हिस्सा लेने के लिए प्रतिभागियों को 19 हजार डॉलर खर्च करने पड़ते हैं। इस रकम से प्रतिभागियों को चिली से अंटार्कटिका लाया जाता है और उन्हें टेंट के घरों में रखने के अलावा उन्हें खाना भी दिया जाता है। इसके अलावा धावकों को पेशेवर फोटो भी प्रदान किए जाते हैं।

### मैरी कॉम को ओलिंपिक क्वॉलिफायर के लिए देना होगा ट्रायल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। विश्व चौंपियनशिप के बाद ओलिंपिक क्वॉलिफायर के लिए एमसी मैरी कॉम का नाम सीधे भेजने वाली बात पर अब भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने पलटी मारी है। बीएफआई ने अब कहा है कि ओलिंपिक क्वॉलिफायर के लिए 5 सितंबर को हुई बैठक में जो नियम बनाए गए थे, उन्हीं का पालन होगा। इस बयान का सीधा मतलब है कि अब मैरी कॉम को चीन में होने वाले ओलम्पिक क्वॉलिफायर के लिए ट्रायल्स की अग्नि परीक्षा से गुजरना होगा। इसी साल तीन से 13 अक्टूबर के बीच रूस में हुई महिला विश्व चौंपियनशिप में मैरी कॉम ने महिलाओं की 51 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक जीता था। मैरी कॉम के भारत लौटने के बाद बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा था कि मैरी कॉम को सीधे ओलिंपिक क्वॉलिफायर में भेजा जाएगा, उनको ट्रायल्स नहीं देनी होगी।